दिनांक 18.09.2018

स्वच्छ भारत अभियान | स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम भिलाई के नये आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने लिया चार्ज

भिलाईनगर/ निगम भिलाई के नये आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने मंगलवार को चार्ज लिया। समस्त अधिकारी, कर्मचारियों ने बुके भेंटकर स्वागत किया। आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान कहा कि डेंगू से लड़ना प्रारंभिक चुनौती है। साथ ही सफाई व्यवस्था जल्द ही दुरुस्त की जायेगी। नियमों को ध्यान में रखते हुए समय रहते सभी कार्य पुरा करने की कोशिश की जायेगी।

निगम के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान डेंगू के बारे में जानकारी प्राप्त की साथ ही साफ–सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने, हितग्राही मूलक योजनाएं, चल रहे विकास कार्यों की जानकारी, एवं अधिकारी, कर्मचारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

बैठक के दौरान राजस्व अधिकारी एच0के0 चन्द्राकर, सहायक आयुक्त ए0के0 द्विवेदी, आर0बी0एस0 चौहान, कार्यपालन अभियंता सत्येन्द्र सिंह, आर0के0 साहू, एवं जोन आयुक्त के साथ समस्त विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं कर्मचारी युनियन संघ के प्रतिनिधि ने बुके भेंटकर स्वागत किया। साथ ही मिडिया जगत एवं पत्रकार बंधु भी बुके भेंट कर स्वागत की।

जनसम्पर्क अधिकारी